दैनिक न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, बुधवार 04 दिसम्बर 2019
www.nyaysakshi.com


# धोखाधड़ी के फरार आरोपी को अम्बिकापुर से पकड़कर लायी कोतवाली पुलिस

**» 9.10 लाख रूपये बकाया न देकर स्टाम्प में लिखापढ़ी कर फरार था आरोपी**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राम निवास टाकिज रोड रायगढ़ में रहने अमन गोयल आत्मज किमती गोयल उम्र 26 वर्ष निवासी द्वारा माननीय सीजेएम महोदय रायगढ के न्यायालय में परिवाद दायर करवाया था कि अनावेदक प्रहलाद तिवारी आत्मज राम प्रसाद तिवारी उम्र 31 वर्ष निवासी महुगापारा सुरजपुर जिला सुरजपुर द्वारा छड (सरिया) का रकम 9,10,000/ रूपये भुगतान से बचने के लिये धोखाधडी छल कपट कर पचास रूपये के स्टाम्प में लिखापढी कर फरार हो गया। माननीय न्यायालय से प्राप्त परिवाद पर से अनावेदक के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 874/17 धारा 415, 420, 467, 468, 294, 506बी भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

जानकारी के अनुसार आवेदक/परिवादी भवन निर्माण सामाग्री ईंटा, गिट्टी, बालु, सिमेंट, छड आदि सप्लाई का काम करता है। प्रहलाद तिवारी स्वयं को सिविल इंजीनियर बताया और 34 टन छड (सरिया) का आर्डर देकर 2,00,000/ रूपये दिया तथा बाकी रूपयों को किस्तों में दूंगा बोला। आवेदक/परिवादी उसके विश्वास में आकर उसे 11,50,000/ रूपये का छड़ (सरिया) सप्लाई किया तथा छड (सरिया) का बकाया 9,10,000/ रूपये को 40,000/ रूपये मासिक किस्तों में देना की बात कहकर एक पचास रूपये के स्टाम्प में नोटरी के समक्ष एक इकरारनामा भी लिखकर दिया था जबकि प्रहलाद तिवारी द्वारा दिये गये चेक के संबंध में आवेदक/परिवादी बैंक में पता किया तो उसके खाते में रूपये ही नहीं थे और प्रहलाद तिवारी बेलादूला रायगढ स्थित उसके घर से भाग चुका था।


कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी प्रहलाद तिवारी के मोबाईल नम्बर, आधारकार्ड से उसके ठिकाने तक पहुंचने का प्रयास किया गया था किन्तु आरोपी का आधार कार्ड भी फर्जी था तथा वह अपना ठिकाना निरंतर बदल रहा था कि आरोपी के गांधीनगर, अम्बिकापुर में रहने की पुख्ता जानकारी मिलने पर कोतवाली थाने से प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी एवं आरक्षक राजेश राठौर द्वारा उसे हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### टीआई आशीष वासनिक की होगी वापसी

**» अपने मूल तैनाती पर पदस्थ किए जाएंगे टी.आई. वासनिक**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** माह अक्टूबर 2019 में तत्कालीन थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्र को पुलिस महानिरीक्षक महोदय बिलासपुर रेंज बिलासपुर द्वारा संज्ञान में लेकर शिकायत पत्र की जांच तक निरीक्षक आशीष वासनिक को बिलासपुर आईजी कार्यालय अटैच किया गया तथा शिकायत पत्र की जांच हेतु पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को नियुक्त कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा निरीक्षक आशीष वासनिक के स्थान पर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्रवंशी को थाना सरिया का कार्यभार देखने हेतु पदस्थ किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक महोदय बिलासपुर रेंज बिलासपुर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक महोदय रायगढ़ द्वारा शिकायत जांच किया गया। शिकायत जांच प्रमाणित नहीं पाए जाने पर जांच संबंधी प्रतिवेदन पुलिस महानिरीक्षक महोदय बिलासपुर की ओर प्रेषित किया गया, जिस पर आज दिनांक 03.12.19 को आईजीपी महोदय द्वारा आदेश जारी कर उक्त जांच नस्तीबद्ध करते हुए निरीक्षक आशीष वासनिक की संबद्धता आदेश निरस्त कर उन्हें उनके मूल तैनाती स्थल वापस किया गया है।



### जन-जन का हो सहयोग, तभी भागेगा डेंगू रोग

**» मोर घर हर इतवार, 10 बजे हो ही डेंगू पर वार अभियान में सहयोग के लिए की अपील**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार डेंगू की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता लाने के लिए स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों की रैली निकालकर लोगों को डेंगू से बचाव व रोकथाम के तरीके बताए जा रहे है। इसी कड़ी में आज शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय चक्रधरनगर के बच्चों रैली निकाल लोगों से डेंगू रोकथाम के लिए प्रयास करने की अपील की। यह रैली सिन्धी कालोनी पक्की खोली, स्टेडियम, दुर्गा चौक होते हुए वापस स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई। लगभग 250 बच्चे व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के कर्मचारी क्षेत्रों का भ्रमण किया। लोगों को टेमीफॉस दवा के उपयोग के बारे में बताया कि रूके जमे पानी में मच्छर के लार्वा हो तो टेमीफॉस दवा डालकर एक घंटे के लिए छोड़ दे, फिर उस पानी को सूखी मिट्टी वाली स्थान पर डाले, नाली, तालाब या पानी के किसी अन्य स्त्रोत में न फेंके। साथ ही पूरे बॉह के कपड़े पहनने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जैसे उपायों को बताया और डेंगू रोकथाम के लिए चल रहे अभियान %मोर घर हर इतवार, 10 बजे हो ही डेंगू पर वार % जिसके तहत प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए अपने घरों में रूके व जमे पानी को खाली करना है, इसमें सहयोग के लिए प्रेरित किया।

### सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के लिए 1 दिसम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। सेक्टर अधिकारियों के पास चुनाव से संबंधित सबसे अधिक जिम्मेदारी होती है। एक सेक्टर अधिकारी के अन्दर दस से बारह मतदान केन्द्रों का प्रभार रहता है। जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल और अनिल गुप्ता ने बताया कि सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति होते ही अपने प्रभार के केन्द्रों का दौरा करना साथ मतदान केन्द्रों की स्थिति के साथ पहुंच मार्ग की जानकारी देना होता है। प्रशिक्षण में उन्हें मतपेटी सीलिंग के बारे में बताया गया। सेक्टर अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने क्षेत्र और उनके पहुंच मार्ग की पूरी अच्छी जानकारी होनी चाहिए सेक्टर अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदान दल अपने अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए और उन्हें मतदान सामग्री दल के किसी सदस्य अथवा मतपेटी तैयार करवाना और कोई भी समस्या आने पर रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्ट भेजना सेक्टर अधिकारी की जिम्मेदारी रहती है।

## गस्त के दौरान बाईक चोरी कर रहे ओड़िसा के तीन युवक पकड़ाये

**» आरोपियों से 2 बाईक, 1 सीसीटीवी कैमरा बरामद**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना बरमकेला पुलिस ने दिनांक 02.12.13 की रत्रि गस्त दौरान बरमकेला चौक पर ग्राम लेंध्रा अटल चौक के पास चक्रधर पटेल के घर के सामने 03 लड़के एक बाईक में संदिग्ध हालत में मिले जिनमें से एक लडका ने हाथ में एक सीसीटीवी कैमरा पकड़ा था। जिस पर उन पर संदेह हुआ जिनसे कड़ी पूछताछ करने पर तीनों युवक घबराते हुए पकड़ी हुई मोटरसाइकिल व सीसीटीवी चोरी का होना बताते हुए लेन्ध्रा के रेशराम पटेल की मोटरसाइकिल अपाचे को चोरी कर छिपा कर आ रहे हैं बताये तथा जिस बाईक में घुम रहे थे वह भी चोरी की थी। आरोपियों से दो मोटरसाइकिल टीव्हीएस अपाचे क्रमांक सीजी 13जेड 9507, हिरो होण्डा सीडी 100 एसएस व एक सीसीटीवी कैमरा कीमती 76,500 रूपये का बरामद किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ पर अपना नाम 1- अनंत नाईक पिता चंचल नाईक उम्र 27 साल 2- थबीर मेहर पिता परमेश्वर मेहर उम्र 20 साल 3- जय कृष्णो नाइक पिता नीलाचलो नाइक उम्र 25 साल सभी निवासी ग्राम केबाड थाना बरपाली जिला बरगढ़ ओडिसा बाताये। जिनके विरूद्ध थाना बरमकेला में धारा इस्तगासा धारा 41(1+4)सीआरपीसी/ 379 आईपीसी के तहत कार्यवाही की गई है।

### दो मामले का फरार वारंटी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** मारपीट व आगजनी के दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय में पेशी तारीख पर उपस्थित न होकर फरार रहने वाले आरोपी को पकड़कर सीएसईबी चौकी पुलिस ने कल कोरबा न्यायालय पेश कर दिया। रतन चौरसिया उम्र 34 पिता सुरेश चौरसिया निवासी नेहरू नगर ने 2013 और 2018 में क्रमशः धारा 435, 334 तथा धारा 354, 294, 506, 323 के अलग-अलग मामलों में मारपीट, आगजनी व छेड़खानी का अपराध किया था, जिसके विरूद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विचारण के लिए कोरबा न्यायालय पेश किया। प्रकरण पर विचारण के दौरान आरोपी उपस्थित न होकर फरार रह रहा था। जिसके कारण न्यायालय में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए स्थायी वारंट जारी किया था।

### चौकी जुटमिल पुलिस ने लोहे के कत्ता के साथ युवक को गिया गिरफ्तार



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जुटमिल टाउन पेट्रोलिंग द्वारा दिनांक 03/12 /2019 को चमड़ा गोदाम सार्वजनिक पंडाल के पास लोहे का कत्ता लेकर लहराते हुए आरोपी विस्वा सारथी पिता मनीराम सारथी उम्र 26 साल निवासी चमड़ा गोदाम को पकड़े। आरोपी के पास से एक धारधार कत्ता जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली, चौकी जुटमिल में 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## ओव्हर स्पीड वाहनों पर की गई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तर पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ओव्हर स्पीड से वाहन चालन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्राप्त स्पीड रडार गन का उपयोग कर यातायात पुलिस द्वारा राजकुमार मिंज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायगढ़ के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 एवं राजकीय राजमार्ग क्रमांक 01 में अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा विगत 3 माह में 111 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर रू. 59300 शमन शुल्क रकम वसूल किया गया।





## कोतवाली पुलिस की मानवीय छवि, अर्धविक्षिप्त महिला को भिजवाये मानसिक उपचार केन्द्र बिलासपुर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जहां लाईन ऑर्डर, वीआईपी ड्यूटी एवं अपराध, शिकायत, विवेचना ड्यूटी से पुलिस कर्मचारी अपने स्वयं के परिवार के लिए काफी कम समय निकाल पाते है, वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा मानवता का परिचय देते हुए सड़क पर अर्ध विक्षिप्त घूम रही महिला को देखकर अपने कर्तव्यों के निर्वाहन के साथ मानवीय संवेदनाओं का अच्छा उदाहरण पेश किया गया है।

दिनांक 02.12.2019 को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेटवर्क स्कूल के सामने एक अर्ध विक्षिप्त महिला के मिलने की सूचना थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एसएन सिंह को मिली। निरीक्षक एसएन सिंह द्वारा महिला स्टाफ भेजकर उसकी स्थिति बताने को कहा गया। कोतवाली से महिला प्रधान आरक्षक समुंद्र रनकर जाकर अर्ध विकसित महिला को इलाज की आवश्यकता होना टी.आई. एस.एन सिंह को बताया गया जिस पर टी.आई. सिंह द्वारा उसे शीघ्र जिला चिकित्सालय लेकर जाने बोले और अस्पताला जाकर देखे। महिला ललिता पिता कन्हैया निवासी लेंदा थाना कोसीर की होना बता रही है जो मानसिक रूप से कमजोर है। कोतवाली पुलिस द्वारा मानवीय संवेदनाओं को देखते हुए उसकी भोजन आदि की उचित व्यवस्था कराकर उसे माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां विधिक प्राधिकरण के सहयोग से कोतवाली स्टाफ को महिला को मानसिक उपचार केंद्र सेंद्री बिलासपुर लेने निर्दित किया गया । उक्त अर्ध विक्षिप्त महिला को कोतवाली स्टाफ द्वारा मानसिक उपचार केंद्र सेंद्री बिलासपुर भर्ती कराया गया है।



## दिव्यांग बच्चों की विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**» विश्व दिव्यांग दिवस पर जतन परिसर में किया गया आयोजन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत समावेशी शिक्षा योजना के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखण्ड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन आज जतन परिसर में किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों को खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विकासखण्ड के शासकीय शालाओं तथा अशासकीय शालाओं के 70 दिव्यांग बच्चे सम्मिलित हुए, जिसमें जलेबी दौड़, लम्बीकूद, कुर्सी दौड़, मटकाफोड़, 25 मीटर दौड़ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, गायन, नाटक आदि का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांगता एवं उम्र के आधार पर अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया।

श्रवण बाधित बच्चों के जलेबी दौड़ बालक 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम-बर्राज्य, द्वितीय-कलाम एवं तृतीय-सुमित रहे। 13 से 18 आयु वर्ग में प्रथम-ओमप्रकाश, द्वितीय-देव, तृतीय-घनश्याम, बालिका समूह में प्रथम-सायल, द्वितीय-रागिनी एवं तृतीय-रजनी रही। कुर्सी दौड़ में प्रथम-संतोष, द्वितीय-ओमप्रकाश एवं तृतीय-भोला रहे। श्रवण बाधित बच्चों का 100 मीटर दौड़ में प्रथम-संतोष, द्वितीय-विक्की एवं तृतीय-कलाम रहे। ड्राइंग एवं पेंटिंग में प्रथम-साईस्ता परवीन, द्वितीय-चंद्रेश सोनी, तृतीय-आनंद रहे। दृष्टिबाधित बच्चों के मटका फोड़ में प्रथम-रविशंकर एवं द्वितीय-ईश्वर रहे। लड़कियों की 25 मीटर दौड़ में प्रथम-सायल, द्वितीय-डाली एवं तृतीय-रागिनी रही। नृत्य में प्रथम-सायल एवं साथी एवं द्वितीय हनुमान रहे।





### दोहरीकरण कार्य के चलते कुछ ट्रेनों का परिचलान प्रभावित रहेगा

**रायपुर (आरएनएस)।** उतर मध्य रेलवे के इलाहाबाद रेल मंडल के गोविन्दपूरी एवं भीमसेन रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण का कार्य दिनांक 03 दिसम्बर, 2019 से 11 जनवरीए 2020 तक किया जायेगा। इसके फ्लस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाडियों का परिचलान प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है.

**रदद रहने वाली गाडियां**

दिनांक 24 दिसम्बरए 2019 एवं 12 जनवरी, 2020 को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग.कानपुर द्वि.साप्ताहिक एक्सप्रेस रदद रहेगी।

दिनांक 25 दिसम्बर, 2019 एवं 13 जनवरी, 2020 को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर.दुर्ग द्वि.साप्ताहिक एक्सप्रेस रदद रहेगी।

दिनांक 05 एवं 26 दिसम्बर, 2019 को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ.रायपुर द्वि.साप्ताहिक एक्सप्रेस रदद रहेगी।

दिनांक 06 एवं 27 दिसम्बर, 2019 को दुर्ग से चलने वाली 12536 रायपुर.लखनऊ द्वि.साप्ताहिक एक्सप्रेस रदद रहेगी।

ईस्ट कोस्ट रेलवे के सम्बलपुर रेल मंडल में फुट ओवर ब्रिज का कार्य किया जायेगा। इसके फलस्वरूप कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

जिसका विवरण इस प्रकार है : दिनांक 04 दिसम्बर2019 को 58527 58528 रायपुर.विशाखापटनम.रायपुर पैसेंजर रदद रहेगी।

## जिले में आज तक कुल 9 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन




**» आज सबसे अधिक 3 नामांकन नगर पंचायत घरघोड़ा के लिए प्राप्त हुए**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु रायगढ़ जिले में आज कुल 8 नामांकन दाखिल किए गए। जिसमें नगर पालिक निगम रायगढ़ में वार्ड क्रमांक 13 से अनारिक्षत वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी का एक नामांकन तथा वार्ड क्रमांक 28 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए एक निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार रायगढ़ नगर निगम हेतु कुल 2 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक के रायगढ़ नगर निगम के लिए कुल नामांकन की संख्या भी 2 रही।

नगर पालिका परिषद खरसिया में वार्ड 13 महिला तथा वार्ड 15 महिला के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस से एक-एक नामांकन प्राप्त हुए। नगर पंचायत घरघोड़ा वार्ड क्रमांक 6 एवं 13 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के एक-एक तथा वार्ड क्रमांक 14 अनुसूचित जनजाति वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी के एक अभ्यर्थी का नामांकन प्राप्त हुआ। कुल नामांकनों की संख्या 3 रही। नगर पंचायत सरिया जहां पूर्व में वार्ड क्रमांक 10 महिला वर्ग के लिए एक निर्दलीय अभ्यर्थी का नामांकन प्राप्त हुआ था, आज वार्ड क्रमांक 01 महिला हेतु आज नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के एक अभ्यर्थी द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। इस प्रकार सरिया में नामांकनों की कुल संख्या 2 रही। शेष नगर पंचायतों किरोड़ीमल नगर, पुसौर, बरमकेला, लैलूंगा व धरमजयगढ़ में नामांकन की संख्या निरंक रही।

उल्लेखनीय है कि पूर्व प्राप्त हुए 01 नामांकन सहित आज दाखिल किए गए 8 नामांकनों के साथ रायगढ़ जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु कुल 9 अभ्यर्थियों से नामांकन प्राप्त हुए है।

### नगरीय निकाय का नाम आज तक प्राप्त नामांकनों की संख्या

नगर पालिक निगम रायगढ़ 2
नगर पालिका परिषद खरसिया 2
नगर पंचायत-घरघोड़ा 3
नगर पंचायत-सरिया 2
नगर पंचायत-किरोड़ीमलनगर, पुसौर, बरमकेला, लैलूंगा, धरमजयगढ़ 0 (निरंक)

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480